कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

पत्रांक 2255/33–1/दिनांक, हमीरपुर, अप्रैल 11 ,2022

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
महोबा।

विषयः–पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग, राजकीय मार्ग में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु संरेखण में प्रभावित होने वाले वृक्षों के पातन एवं संरक्षित/आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ–प्रस्ताव संख्या–FP/UP/WATER/152706/2022.

महोदय,

आपके उपरोक्त विषयक सन्दर्भित प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्नलिखित कमियॉ पायी गयी।

1. प्रस्तावित वन भूमि की के0एम0एल0 फाइल सीडी में उपलब्ध नही करायी गयी।
2. प्रस्तावित वनभूमि का 1:50000 माफ का सत्यापित सर्वे ऑफ इण्डिया का रंगीन टोपोशीट जिसमें परियोजना के आस–पास वन क्षेत्र का सीमांकन, वन ब्लाक, कम्पार्टमेंटवार दर्शित किया गया हो। सी0डी0 में नही उपलब्ध करायी गयी।
3. प्रस्तावित वनभूमि के Reference Digital Map सी0डी0 में नही उपलब्ध कराया गया।
4. वन अधिकार अधिनियम–2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत जिलाधिकारी का प्रमाण पत्र/बचन बद्धता प्रस्ताव में संलग्न नही है।
5. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दी जाने वाली वनभूमि की के0एम0एल0 फाइल सीडी में उपलब्ध नही करायी गयी है।
6. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दी जाने वाली वनभूमि का सत्यापित व चिन्हित 1:50000 माप का रंगीन सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट एवं सीडी प्रस्ताव के साथ संलग्न नही है।
7. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु दी जाने वाली वनभूमि का सत्यापित Geo Reference Digital Map एवं सीडी नही उपलब्ध कराया गया।
8. भूमि स्वामित्व वाले विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही किया गया है।
9. संयुक्त वृक्ष गणना रिपोर्ट निम्नलिखित प्रारूप में उपलब्ध करायें।

क्र0सं0	वैज्ञानिक नाम	स्थानीय नाम	गोलाई (सेंमी0 में)					
			(0–30)	(31–60)	(61–90)	(91–120)	(121–150)	(150 से ऊपर)

10. प्रस्ताव अभिलेख क्रम से नही संलग्न किये गये है तथा विषय सूची एवं पृष्ठ संख्या नही अंकित की गयी है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिनिधि को निर्देशित करने का कष्ट करें, कि प्रस्ताव की हार्ड कापी तत्काल इस कार्यालय से प्राप्त कर लें एवं उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण करते हुये समस्त अभिलेखों सहित संशोधित प्रस्ताव तत्काल ऑन लाइन तथा हार्ड कापी 6 प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः—प्रस्ताव की 6 प्रतियाँ।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर

पृष्ठांकन संख्या......................./अ/समदिनॉकित।

प्रतिलिपि—अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे हमीरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि—क्षेत्रीय वन अधिकारी, सुमेरपुर एवं मौदहा को उनके द्वारा कराये गये संयुक्त निरीक्षण के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।